THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS) CSHRI K. C. LENKA): (a) to (c) A suggestion was received for an alternative alignment which was projected as much cheaper. The work was temporarily stopped to enable examination of thlis alternative vis a-merints and implications of the alter-ulignment.

(d) A decision will be taken shortly by the Government after considering merits am[1] implications of the alternative.

रेलवे परियोजनाओं के लिये विदेशी ऋण

1852. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** :: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वित्तीय वर्ष 1992-93 के दौरान रेलवे की अनेकों परियोजनाओं के निर्माण तथा रेलवे के विकास के लिए विदेशी ऋण लिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान इन परियोजनाओं के लिए ऋण के रूप में कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई थी;

(ग) क्या यह सच है कि इन ऋण की अधिकांश राशि सरकार द्वारा प्रयुक्त नहीं की जा सकी थी ;

(घ) यदि हां, तो मार्च, 1993 तक कुल कितनी राशि उपयोग में नहीं लाई जा सकी थी ; और

(ङ) मार्च, 1993 तक की अवधि के लिए ब्याज और वचनबद्धता प्रभार इत्यादि के रूप में कितनी राशि का भुगतान किया जाना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) और (ख) : एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्त वर्ष 1992-93 के दौरान रेलवे की परियोजनाओं अर्थात् पतरातू-सोननगर खंड के विद्युतीकरण, सोननगर से मुगलसराय तक विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन, बी. ओ. एक्स "एन" माल डिब्बों के उत्पादन के लिए सामग्री की खरीद करने के वास्ते 225 मिलियन अमरीकी डालर के लिए ऋण सं. 1140-आई एण्ड डी स्वीकृत किया गया था, यह ऋण 31-12-1996 तक इस्तेमाल किये जाने के लिए उपलब्ध है, लेकिन, एशियाई विकास बैंक ने वर्ष 1992-93 के लिए कोई विशिष्ट आबंटन नहीं किया है।

(ग) और (घ) 225 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण, जो 1-6-92 से प्रभावी हुआ है, के संबंध में अभी तक 25.205 मिलियन अमरीकी डालर की ही वचनबद्धता की गई है तथा और अधिक राशि की वचनबद्धता के संबंध में विभिन्न चरणों में कार्रवाई की जा रही है और उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है, ऋण का इस्तेमाल करने में थोड़ा बहुत समय लगना अपरिहार्य हो जाता है क्योंकि इस संबंध में निविदाएं जारी करनी होती हैं, ठेके को अंतिम रूप दिया जाना होता है, यह योजना बनायी गयी है कि शेष रकम का इस्तेमाल ऋण की वैधता अवधि के दौरान अर्थात् 31-12-96 से पहले चरण-बद्ध आधार पर किया जाए ।

(ङ) एशियाई विकास बैंक द्वारा ब्याज तथा वचनबद्धता प्रभार का दावा छमाही आधार पर किया जाता है इस मामले में यह दावा प्रत्येक पहली सितम्बर और पहली मार्च को किया जाता है। पहली मार्च, 1993 तक इस ऋण के लिए ब्याज तथा वचनबद्धता प्रभारों के रूप में 0.234 मिलियन अमरीकी डालर का भुगतान किया गया है।

Hovercraft Service from Bombay 01 Goa

@1853. SHRI JOHN F. FERNANDES; Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are in re ceipt of any application from entre preneurs to start Hovercraft Servic Bombay to Goa;

©Previously unstarred question 81 transferred from 4th May 1993.